2

ज़ंजीरों में प्रसन्न रहने का ढंग

(फिलिप्पियों 1:3-11)

पौलुस, जब कारागर में जंजीरों में रोम में था (1:13; 4:22; देखें इफिसियों 6:20) वह आत्म दया और शिकायत में जीवन बिता सकता था। इसके बजाय वह आनन्दित था और दूसरों को ऐसा ही करने के लिए प्रोत्साहित करता था: "प्रभु में सदा आनन्दित रहो, मैं फिर कहता हूं आनन्दित रहो" (4:4)। हो सकता है कि मैं और आप शारीरिक रूप में ज़ंजीरों में बंधे न हों पर हम में से अधिकतर ने विभिन्न आकारों वाली ज़ंजीरें पहनी हैं।

- बिगड़ता स्वास्थ्य या गम्भीर चिकित्सकीय समस्या।
- तनावपूर्ण वैवाहिक सम्बन्ध या बोझ जो हमारा दिल तोड़ते हैं।
- नौकरी से जुड़ा तनाव।
- बूढ़े माता-पिता।[1]

अपनी ज़ंजीरों में यह प्रेरित कैसे प्रसन्न रह पाया? हम अपनी ज़ंजीरों में कैसे प्रसन्न रह सकते हैं? इस पाठ के लिए हमारा वचन पाठ फिलिप्पियों 1:3-11 हमें बताता है।

परमेश्वर[2] का धन्यवाद करते हुए अतीत में देखें[2] (1:3-5)

तब

पहले तो पौलुस ज़ंजीरों में प्रसन्न इसलिए रह पाया, क्योंकि अतीत की ओर देखकर उसने बहुत धन्यवाद किया। यदि उसके जीवन के मानक कालक्रम सही हैं तो पौलुस का सम्बन्ध दस साल तक फिलिप्पी की कलीसिया के साथ रहा। उसके पास उस संगति की मधुर यादें ही थीं। आयत 3 में उसने कहा, "मैं *जब-जब* तुम्हें स्मरण करता हूं, *तब-तब* अपने परमेश्वर का धन्यवाद करता हूं।" आयत 4 में उसने लिखा कि वह "उन सब" के लिए "आनन्द के साथ" प्रार्थना करता रहता था।[3] "सब" शब्द का दोहरा इस्तेमाल उन आयतों को अद्‌भुत बना देता है! वे हमें अपनी जांच करने के लिए भी उभारती हैं। उन मण्डलियों के विषय में क्या कहती है जिनके हम सदस्य हैं? क्या दूसरे लोग हमारे लिए कह सकते हैं, "जब हम तुम्हारे बारे में सोचते हैं, तो हमें केवल मीठी यादें ही मिलती हैं"? व्यक्तिगत तौर पर हमारे लिए क्या कहा जा सकता है? क्या हम ऐसे लोग हैं जिनके विषय में प्रचारक कह सकते हों, "मैं *हर बात* के लिए जो आपके बारे में मुझे याद है, परमेश्वर को धन्यवाद देता हूं?"

क्या इसका अर्थ यह है कि फिलिप्पी में रहते हुए पौलुस के साथ केवल अच्छी बातें ही हुईं। या वहां की कलीसिया सिद्ध थी? कदापि नहीं? प्रेरित ने "फिलिप्पी में दुख उठाया और

उपद्रव सहा'' था (1 थिस्सलुनीकियों 2:2; देखें प्रेरितों 16:16-24, 35-40)। इसके अलावा फिलिप्पी की कलीसिया के सदस्य बिना समस्याओं के नहीं थे (देखें 4:2)।[4] तो फिर पौलुस के कहने का क्या अर्थ था, जब उसने यह कहा कि उसकी *सब* यादें मधुर हैं ?

शायद जब उसने फिलिप्पी में होने वाली बेचैन करने वाली घटनाओं को मुड़कर देखा तो उसने उस भलाई को देखा जो उनसे निकली (देखें रोमियों 8:28)। उसकी गलत कैद के कारण दारोगा और उसके घराने का मन परिवर्तन हो गया था (प्रेरितों 16:16-34)। नगर से उसे निकाला जाना अन्य स्थानों में सुसमाचार सुनाए जाने का कारण बना था (देखें प्रेरितों 16:39, 40; 17:1)।

बेशक पौलुस की सुखद यादें फिलिप्पी में मसीही लोगों पर केन्द्रित थीं। उनके विषय में भी उसकी ''चुनिन्दा याद'' थी जो अच्छी यादों पर ही टिकी थीं (देखें 4:8)। एक अच्छी याद यह ढंग था कि उन्होंने उसके काम में वफ़ादारी से सहयोग दिया था: उसने ''पहिले दिन से लेकर आज तक सुसमाचार के फैलाने में सहभागी'' को ''ध्यान में'' रखकर ध्यान दिया (1:5)।[5] ''सहभागी'' के लिए अंग्रेज़ी शब्द *कोयनोनिया* का अनुवाद है। पौलुस के लिए यह शब्द महत्वपूर्ण था। इस संक्षिप्त पत्र में यह शब्द कई रूपों में पांच बार मिलता है: 1:5 में इसका अनुवाद ''सहभागी,'' 1:7 में ''सहभागी,'' 2:1 और 3:10 में ''सहभागिता'' और 4:15 में ''सहायता'' हुआ है। संज्ञा रूप मुख्यतया ''साझे का होना'' है।[6] संज्ञा रूप में ''सहभागिता'' और ''भागीदारी'' के विचार मिलते हैं।[7] इस शब्द में भाग लेने और साझी भागीदारी की अवधारणाएं पाई जाती हैं। इसमें समुदाय, निकटता और सहयोग का बोध मिलता है।

फिलिप्पी के लोगों ने कई तरह से पौलुस के कार्य में सहयोग दिया था, जिसमें उसके लिए भी प्रार्थना करना ज़रूरी था (1:19), परन्तु जब उसने फिलिप्पियों के ''सुसमाचार में सहभागी'' होने की बात की तो वह विशेष रूप से उनकी आर्थिक सहायता के लिए धन्यवाद दे रहा था। पौलुस कई बार आर्थिक सहायता की बात करते हुए ''देना'' (देखें 4:15) जैसे शब्दों का इस्तेमाल करता था, परन्तु उसने ''सहभागिता'' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने को प्राथमिकता दी। दान देने पर अपने सबसे लम्बे उपदेश में उसने ''दान,'' ''भागी'' (सहभागिता), और ''सहभागिता'' (देखें 2 कुरिन्थियों 8:4) का इस्तेमाल किया।

अपने साझे विश्वास के कारण, फिलिप्पी का भी वही मानना था, जो पौलुस का था। अध्याय 4 में प्रेरित ने लिखा, ''हे फिलिप्पियो, तुम आप भी जानते हो, कि सुसमाचार प्रचार के आरम्भ में जब मैं ने मकिदुनिया से कूच किया, जब तुम्हें छोड़ और किसी मण्डली ने लेने-देने के विषय में मेरी सहायता नहीं की। इसी प्रकार जब मैं थिस्सलुनीके में था; तब भी तुम ने मेरी घटी पूरी करने के लिए एक बार क्या वरन दो बार कुछ भेजा था'' (4:15, 16)। पौलुस के साथ उनके विश्वास की सांझ का आरम्भ लुदिया द्वारा उसके और उसके साथियों के लिए अपने घर को खोलने के समय हुआ था। यह इपाफ्रुदितुस द्वारा रोम में लाए गए उनके हाल ही के दान तक जारी था (4:10, 18)।

एक पूर्व मिशनरी के रूप में मुझे फिलिप्पियों की सहायता के विषय में पौलुस के ''सुसमाचार के फैलाने में सहभागी'' शब्द पसन्द हैं। ''सहभागिता'' (KJV)। जब मेरा परिवार ऑस्ट्रेलिया में रहता था तो हम हर तीन या इससे अधिक सालों के बाद अमेरिका में छुट्टी मनाने आते थे, मैं उन

मण्डलियों में जाता जो हमारे काम में सहायता करती थीं। मैं अपने काम में उनकी ''सहभागिता'' के लिए धन्यवाद देता और स्पष्ट करता कि हमारे लिए सहायता भेज कर वे वास्तव में हमारी सेवकाई में सहभागिता कर रहे होते थे।

अब

पौलुस ज़ंजीरों में भी खुश हो पाया, क्योंकि उसने अतीत को परमेश्वर का धन्यवाद करते हुए देखा। आप और मैं उन बुरी बातों पर ध्यान कर सकते हैं जो हमारे जीवनों में हुई हैं और उसका अन्त लोगों में कटुता बढ़ने के साथ हुआ–या हम उन अच्छी बातों को याद कर सकते हैं, प्रभु को धन्यवाद दे सकते हैं और प्रसन्न हो सकते हैं। मैं *हैपिनेस इज़ ए चॉयस* नामक पुस्तक का इस्तेमाल करता था।[8] कइयों को यह शीर्षक थोड़ा सा बढ़ा–चढ़ाकर कहा गया लग सकता है, पर यह सच है कि हमारा खुश रहना या न रहना जीवन को हमारे देखने के ढंग पर अधिक निर्भर करता है। एला विलर विल्कोक्स ने इसे ''द सेट ऑफ़ द सेल्ज़'' कहा है:

एक जहाज़ पूर्व की ओर जाता है और
एक और पश्चिम को जाता है
बहने वाली उसी हवा के साथ
पोत ही बताते हैं कि
किस ओर को जाना है
न कि दलदल की झाड़ियां[9]

परमेश्वर के भरोसे के साथ वर्तमान को देखें (1:6-8)

तब

जब फिलिप्पी के लोगों से विचार करते हुए पौलुस भावनाओं से भर गया था। एक भावना प्रेम था, तुम मेरे मन में आ बसे हो (आयत 7)। वारेन डब्ल्यू. वियर्सबे ने एक उदाहरण दिया जो उस शब्दावली से मेल खाता है:

> पुराने नियम में महायाजक विशेष वस्त्र, एपोद को अपने दिल के ऊपर पहनते थे। इस पर इस्राएल के बारहों गोत्रों के नाम खुदे बारह पत्थर होते थे, जो हर गोत्र के लिए एक मोती था ([निर्गमन] 28:15–29)। वह लोगों को प्रेम में अपने दिल के ऊपर ले जाता था, और पौलुस ने ऐसा ही किया।[10]

पौलुस ने यह भी लिखा, ''परमेश्वर मेरा गवाह है कि मैं मसीह यीशु की सी प्रीति करके तुम सब की लालसा करता हूं'' (आयत 8)। यूनानी शब्द का अनुवाद ''प्रीति'' (''आंतड़ियां''; KJV) भीतरी अंगों, ''आंतों'' के लिए सामूहिक शब्द है।[11] उस ज़माने में इन अंगों को प्रीति का स्थान माना जाता था।[12] जब पौलुस ने कहा कि वह उनके लिए ''प्रीति करके'' लालसा कर रहा था तो वह अपने दिल की गहराई और सामर्थ को प्रकट कर रहा था। आज हम कहें, ''मैं दिलो जान से तुम्हें चाहता हूं।'' परन्तु ''प्रीति'' शब्द से भी महत्वपूर्ण ''मसीह यीशु की सी'' शब्द

हैं। प्रेरित उन से प्रभु के स्वभाव वाले प्रेम से ही प्रेम करता था![13] यह दावा कोई छोटा नहीं था परन्तु उसे यकीन था कि यह सही है कि उसने परमेश्वर को अपना गवाह बताया।

अपने भाइयों और बहनों को याद करते हुए पौलुस *यक़ीन* से भी भर गया था। आयत 6 आरम्भ होती है, ''मुझे इस बात का भरोसा है।'' हमारे पाठ में भरोसा दूसरा कारक है जिस पर मैं ज़ोर देना चाहता हूं: पौलुस ज़ंजीरों में ख़ुश था क्योंकि वह भरोसे के साथ वर्तमान को देख सकता है।

बात पूरी करने से पहले मुझे ''भरोसा'' पर कुछ शब्द कहने हैं। ''भरोसा'' का विषय पूरे पत्र में मिलता है। अनिश्चितता से भरे संसार में यह विषय ताज़गी देने वाला है। ''भरोसा'' के लिए यूनानी शब्द के विभिन्न रूप पुस्तक में कम से कम पांच बार मिलते हैं: 1:6 में अंग्रेज़ी शब्द का अनुवाद ''आश्वस्त''; 1:14 में ''भरोसा करना''; 1:25 में, ''यकीन''; और 3:4 में ''आत्मविश्वास'' (दो बार)। भरोसे के सम्बन्ध में सही संतुलन ढूंढ़ पाना कठिन है। अति विश्वस्त व्यक्ति निन्दनीय और दबंग हो सकता है। दूसरी ओर जिसमें भरोसे की कमी हो आम तौर पर वह अपना ही सबसे बड़ा शत्रु होता है।

अब मैं अपनी बात पूरी करता हूं: पौलुस ज़ंजीरों में ख़ुश था क्योंकि वह *परमेश्वर में* भरोसे के साथ वर्तमान को देख सकता था। वह उतना *आत्म-आश्वस्त* नहीं था, जितना *परमेश्वर-आश्वस्त* था। वह मुख्यतया परमेश्वर जो *है,* उसी कारण भरोसे से भरा था: जो हमारे बीच काम करता है। यह कहने के बाद कि ''मुझे इस बात का भरोसा है,'' पौलुस ने बताया कि उसे किस बात का भरोसा था: ''कि जिसने तुम में अच्छा काम आरम्भ किया है, वही उसे यीशु मसीह के दिन तक पूरा करेगा।'' अगले अध्याय में प्रेरित ने लिखा कि ''परमेश्वर ही है, जिसने अपनी सुइच्छा निमित्त तुम्हारे मन में इच्छा और काम, दोनों बातों के करने का प्रभाव डाला है'' (2:13)। परमेश्वर मसीही लोगों में कई तरह से काम करता है यानी वह हमारे अन्दर अपने वचन के द्वारा काम करता है (देखें इब्रानियों 4:12)। वह हमारे भीतर हमारे जीवन की घटनाओं के द्वारा काम करता है (देखें याकूब 1:2, 3; रोमियों 5:3-5)। वह हमारे भीतर लोगों के द्वारा काम करता है (देखें 2 कुरिन्थियों 7:6)। वह हमारे भीतर अपने आत्मा के वास अर्थात बपतिस्मे के समय हर मसीही को *गैर चमत्कारी* दान देकर काम करता है। (प्रेरितों 2:38; देखें रोमियों 8:9, 26-28)।

पौलुस ने परमेश्वर को फिलिप्पी में काम करते देखा था और उसका मानना था कि प्रभु की हर अच्छी बात प्रशंसा के योग्य है। आयत 6 में उसने फिलिप्पी में कलीसिया के आरम्भ के लिए परमेश्वर को श्रेय दिया: ''जिसने तुम में अच्छा काम आरम्भ किया है।'' इसके अलावा उसका मानना था कि जो कुछ परमेश्वर ने आरम्भ किया है, वह उसे पूरा करेगा: ''जिसने तुम में अच्छा काम आरम्भ किया है, वही उसे यीशु मसीह के दिन तक पूरा करेगा।'' ''पूरा'' मिश्रित यूनानी क्रिया से लिया गया है जिसका अर्थ है ''पूर्ण करना।''[14] ''मसीह यीशु का दिन'' प्रभु के द्वितीय आगमन को कहा गया है (देखें 1 थिस्सलुनीकियों 5:2)। फिलिप्पियों 3:20, 21 में पौलुस ने फिर से उस विशेष दिन की बात की। प्रेरित का मानना था कि परमेश्वर फिलिप्पियों (अन्य मसीही लोगों) के जीवनों में, जब तक संसार रहेगा तब तक उन में अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए काम करता रहेगा।

मुझे शायद यह जोड़ना चाहिए कि परमेश्वर के अपना काम पूरा करने की बात कहते हुए पौलुस की मंशा यह संकेत देने की नहीं थी कि मसीही लोगों के रूप में हम असफल नहीं हो सकते। इस विषय पर हम विस्तार से अध्याय 3 में पहुंचकर अध्ययन करेंगे। परन्तु पौलुस ने हमें *न* गिरने का अच्छा प्रोत्साहन दिया है कि परमेश्वर हमारी परवाह करता है और हमारे जीवनों में सक्रिय है।

पौलुस द्वारा दिखाया गया भरोसा मुख्यतया परमेश्वर जो था और है, के कारण था, परन्तु उसका भरोसा फिलिप्पी के मसीही लोगों के कारण जो वे थे यानी वैसे लोग जिन में परमेश्वर काम कर *सकता* है, सहारा मिला। परमेश्वर सिद्ध लोगों को नहीं ढूंढ़ता जिनमें वह काम कर सके; यदि ऐसा होता, तो वह किसी में काम न करता।[15] इसके बजाय वह ऐसे लोगों को ढूंढ़ता है जो अपने जीवनों में उसे काम *करने* देंगे। अपने भरोसे की बात करने के बाद कि परमेश्वर फिलिप्पियों में अपने अच्छे काम को पूरा करेगा (1:6), पौलुस ने कहा, ''उचित है, कि मैं तुम सब के लिए ऐसा ही विचार करूंगा क्योंकि तुम मेरे मन में आ बसे हो, और मेरी कैद में और सुसमाचार के लिए उत्तर और प्रमाण देने में तुम सब मेरे साथ अनुग्रह में सहभागी हो'' (आयत 7)।

फिलिप्पी के मसीही लोगों के जीवनों में काम करने के लिए परमेश्वर को किन गुणों ने अनुमति दी? पौलुस ने फिर *koinonia* (''सहभागी'') का इस्तेमाल किया और अपने पाठकों में ''साझे की'' तीन अभिव्यक्तियों का उल्लेख किया: उसके सम्बन्ध में उनकी सहभागिता, सुसमाचार और अनुग्रह (आयत 7)।

- पौलुस के साथ अपनी सहभागिता के सम्बन्ध में उन्होंने उसके कैद होने के समय दूसरे लोगों की तरह उससे मुंह नहीं फेरा था (देखें 1:15क, 17; 2 तीमुथियुस 1:8; 4:16)। वे उसकी सहायता के लिए खड़े रहे थे।
- सुसमाचार में अपनी सहभागिता के सम्बन्ध में उन्होंने सुसमाचार पर आक्रमण होने पर इसका उत्तर और प्रमाण दिया था। आयत 7 यूनानी शब्द का अनुवाद ''उत्तर'' वह शब्द है जिससे हमें अंग्रेज़ी शब्द ''अपोलोजेटिक्स'' मिला है।[16] इसका सम्बन्ध ''मौखिक सफ़ाई''[17] से है और इस में आपत्तियों का उत्तर देने का कार्य सम्मिलित है।''प्रमाण'' शब्द सुसमाचार का ''उत्तर देने'' का अधिक सकारात्मक पहलू है: यह उस शिक्षा और ताड़ना की बात करता है, जो विश्वास को मज़बूत करती है (देखें प्रेरितों 14:21, 22)।
- ''अनुग्रह'' की अपनी सहभागिता के सम्बन्ध में पौलुस ने उस सब को मिलाने के लिए जो वह था और जो उसने किया (देखें रोमियों 1:5), ''अनुग्रह'' (वह कृपा जो कमाई न गई हो) शब्द का इस्तेमाल किया: उसका उद्धार अनुग्रह से हुआ था, उसे प्रेरिताई अनुग्रह से प्राप्त हुई थी और उसने सेवकाई परमेश्वर के अनुग्रह से की। फिलिप्पियों ने जब पौलुस और सुसमाचार का समर्थन दिया तो वे इस अनुग्रह में ''सहभागी'' हुए

यह अद्‌भुत है कि पौलुस फिलिप्पियों में इतना भरोसा रख पाया। शायद आपको मालूम

हो कि किसी दूसरे व्यक्ति में भरोसा खोने से दिल कितना टूट जाता है। परन्तु दूसरे कारण की समाप्ति करते हुए कि पौलुस ज़ंजीरों में खुश क्यों था हमें उस भरोसे के उसके *मुख्य* कारण में जाना चाहिए। उसे *परमेश्वर में* भरोसा था कि परमेश्वर उसके जीवन में और अन्य मसीही लोगों के जीवनों में कार्य करता रहेगा।

अब

जीवन में जो भी चुनौतियां हों, हमें याद रखना चाहिए कि यदि हम परमेश्वर की वफ़ादार संतान हैं तो उन चुनौतियों का सामना हम अकेले नहीं करते। परमेश्वर आज भी जीवित है और हमारे जीवनों में कार्य करता है।[18] पौलुस ने प्रभु को ''ऐसा सामर्थी है, कि हमारी विनती और समझ से कहीं अधिक काम कर सकता है, उस सामर्थ के अनुसार जो हम में कार्य्य करता है'' (इफिसियों 3:20) के रूप में वर्णित किया। हमें भी याद रखने की आवश्यकता है कि परमेश्वर जब कोई काम आरम्भ करता है तो वह उसे पूरा करेगा। वह ''काम छोड़कर बीच में से चला'' नहीं जाता।

प्रसन्नता के ''रहस्यों'' में से एक अपनी समस्याओं के साथ-साथ अपने जीवनों को प्रभु को दे देना है। एक बार एक आदमी दिन-रात अपने कारोबार की चिन्ता में रहता था, जब तक कि उसने इसे परमेश्वर को दे देने का फैसला नहीं किया। उसने प्रभु से कहा, ''यह तेरा ही है।'' अब उसे मन की शान्ति मिल गई और वह रात को चैन से सो पाया। फिर एक शाम टेलीफ़ोन की घंटी से उसकी नींद खुली और उसे बताया गया कि उसकी फैक्टरी में आग लग गई है। वह देखने के लिए गया और उसने खामोशी से जली हुई इमारत को देखा। उसके आस-पास के लोग हैरान थे। वे उससे पूछने लगे, ''आप इतने शांत कैसे हैं?'' उसने मुस्कुराते हुए कहा, ''मैंने यह कंपनी प्रभु को दे दी थी। यदि वह इसे राख बनाना चाहता है, तो उसकी मर्जी।''[19] ऐसा उत्तर पहली बार आपको बुरा लग सकता है, यहां तक कि बेतुका भी, परन्तु मन की शान्ति बनाए रखने के लिए ऐसा व्यवहार आवश्यक है। चार्ल्स स्विन्डल ने लिखा है, ''सबसे प्रसन्न लोग जिन्हें मैं जानता हूं, वे हैं जिन्होंने हर चीज़ को ढीले हाथों से पकड़ना सीख लिया है और चिंता, तनाव, और अपने जीवन के भय को प्रभु को दे दिया है।''[20] यदि आप अपनी ''ज़ंजीरों'' में प्रसन्न रहना चाहते हैं तो वर्तमान को परमेश्वर में भरोसे के साथ देखें।

भविष्य को परमेश्वर के सामने प्रार्थना के साथ देखें (1:9-11)

तब

अन्त में पौलुस अपनी ज़ंजीरों में प्रसन्न था क्योंकि उसने भविष्य को परमेश्वर के आगे प्रार्थना के साथ देखा। जो कुछ उसके सम्बन्ध में था उसे उसने जीवन की वास्तविकता के साथ नहीं देखा;[21] उसे मालूम था कि फिलिप्पियों के साथ उसकी चुनौतियां बनी रहेंगी। उसका समाधान क्या था; चिंता, नहीं उसका उत्तर प्रार्थना था। विशेषकर उसने प्रार्थना की कि फिलिप्पी लोग प्रभु में *बढ़ना* जारी रखें।

> और मैं यह प्रार्थना करता हूं कि[22] तुम्हारा प्रेम, ज्ञान और सब प्रकार के विवेक सहित और भी बढ़ता जाए। यहां तक कि तुम उत्तम से उत्तम बातों को प्रिय जानो, और मसीह के दिन तक सच्चे बने रहो; और ठोकर न खाओ। और उस धार्मिकता के फल से जो यीशु मसीह के द्वारा होता है, भरपूर होते जाओ जिस से परमेश्वर की महिमा और स्तुति होती रहे (आयतें 9–11)।

पहले उसने प्रार्थना की कि वह *प्रेम में* बढ़ें: ''कि तुम्हारा प्रेम ... और भी बढ़ता जाए।'' ''प्रेम'' के लिए यूनानी शब्द *अगापे* यानी निस्वार्थ प्रेम है, जो उस प्रेम के पात्र के लिए ''बेहतरीन की खोज'' में रहता है। प्रेरित ने तुलनाओं का ढेर लगा लिया था। उसने प्रार्थना की कि उनका प्रेम ''भरपूर'' हो यानी यह ''और भी'' भरपूर हो, और फिर आगे जोड़ते हुए कहा कि यह ''और भी'' बढ़े। उसकी इच्छा थी कि उनका प्रेम एक बड़े सोते की तरह बढ़ता जाए और सामर्थी होता रहे। परन्तु प्रेम को दिशा चाहिए। नियन्त्रण से बाहर नदी विनाशकारी हो सकती है।[23] दिल और दिमाग दोनों को मिलकर काम करना चाहिए (देखें मत्ती 22:37; रोमियों 10:2)। इस कारण पौलुस ने अपनी प्रार्थना में दोनों को शामिल किया।

फिर उसने प्रार्थना की कि वे *ज्ञान* में बढ़ें। NASB में ''वास्तविक ज्ञान'' में है। ''वास्तविक ज्ञान'' वाक्यांश का अनुवाद मिश्रित यूनानी शब्द से हुआ है, जो ''ज्ञान'' (*gnosis*) के साथ ''ऊपर'' *epi* पूर्वसर्ग के लिए शब्द को मिलाता है। इसका अर्थ ''किसी अतिरिक्त चीज़'' के साथ है। यह सरसरी ज्ञान नहीं है। इस शब्द का अर्थ '' *पूर्णता* पाना,''[24] पूर्ण ज्ञान पाना है। CJV में इसका अनुवाद ''ज्ञान की पूर्णता'' है। पौलुस के मन में ''आत्मिक ज्ञान'' अर्थात परमेश्वर का ज्ञान उसकी इच्छा थी। ऐसा ज्ञान लगन से परमेश्वर के वचन का अध्ययन और उस सब पर मनन करने से आता है जो किसी के जीवन में इसका अर्थ होता है।

इसके साथ बहुत नज़दीक से जुड़ी फिलिप्पियों के लिए पौलुस की प्रार्थना की अगली बात: उसने प्रार्थना की कि वे *सही और गलत में अन्तर करने की योग्यता में* बढ़ें: ''और सब प्रकार के विवेक सहित और भी बढ़ता जाए।'' यहां तक कि तुम उत्तम से उत्तम बातों को प्रिय जानो।''इन शब्दों में बहुत कुछ है।'' आइए ''विवेक'' शब्द से आरम्भ करते हैं। यूनानी शब्द के अनुवाद ''विवेक'' का अर्थ, ''बोध'' है।[25] NIV में ''समझ की गहराई'' है। जब कोई ''परखने'' के योग्य हो जाता है तो वह चीज़ों में अन्तर कर सकता है। यह योग्यता परिपक्वता का प्रतीक है। छोटे बच्चे को लग सकता है कि चार पांवों वाले हर प्राणी को कुत्ता कहते हैं पर बड़ा होने पर उसे कुत्ते और बछड़े में फर्क करना आ जाता है।

पौलुस चाहता था कि फिलिप्पी के लोग इतने बड़े हो जाएं कि वे आत्मिक फर्क करना सीख लें। इब्रानियों 5:14 सयानों की बात करता है, ''जिनके ज्ञानेन्द्रिय अभ्यास करते-करते, भले-बुरे में भेद करने के लिए पक्के हो गए हैं।'' इस प्रकार की परख फिलिप्पियों 1:9, 10 में भी है। NCV पौलुस की इच्छा की बात करता है ''कि तुम्हें अपने प्रेम के साथ ज्ञान और समझ मिले ताकि तुम भले और बुरे में अन्तर को समझ सको।''

आयत 10 में ''प्रिय जानो'' शब्द संकेत देता है कि वास्तविक होने के लिए किसी चीज़ की समीक्षा की गई, उसे परखा गया और उसे सही पाया गया। पुराने नियम (सप्तति अनुवाद)

के यूनानी अनुवाद के इस्तेमाल शब्द ''प्रिय जानो'' शब्द से काफ़ी मिलता है; इसका इस्तेमाल धातु को परखने के लिए किया जाता था (उदाहरण के लिए देखें नीतिवचन 17:3)। हमें हर व्यक्ति, हर शिक्षा और हर गतिविधि की परख करना सीखना आवश्यक है। ''बात की परख'' और ''फल की परख'' के दो मुख्य टेस्ट हैं (देखें मत्ती 7:16; रोमियों 12:2; 2 कुरिन्थियों 2:9; 13:5; याकूब 1:22; 1 यूहन्ना 4:1; प्रकाशितवाक्य 2:2)। इस प्रकार इन सब चीज़ों की परख करने के योग्य होना कोई छोटी प्राप्ति नहीं है; कइयों में सही और गलत, अर्थात भले और बुरे में अन्तर करने की योग्यता की कमी है।

परन्तु पौलुस अपने पाठकों को परख करने में एक कदम आगे बढ़ते देखना चाहता था। उसने कहा कि उसकी इच्छा है कि वे ''उत्तम से उत्तम बातों को प्रिय जानें'' अनुवादित शब्द ''उत्तम से उत्तम'' (यू.: *diaphero*) ''वह जो अलग है'' का संकेत देता है। 1:10 के संदर्भ में, ''विलक्षण'' शब्द इसी विचार को समझाता है: ''अपनी विलक्षणता के कारण जो अमूल्य है।'' 4:8 में पहुंचकर हम ''उत्तम से उत्तम'' और ''मन भावनी'' बातों का अध्ययन करेंगे। जो अच्छा है, उसे ही केवल परखना सीखना आवश्यक नहीं बल्कि जो सबसे बढ़िया है, उसे परखना और सीखना। अन्य शब्दों में जो सचमुच में ''श्रेष्ठ'' है। समय और योग्यताओं के इस्तेमाल के सम्बन्ध में मेरे सबसे कठिन निर्णय अच्छे और बुरे में से परख करने के नहीं, बल्कि अच्छा या बढ़िया, और सबसे बढ़िया में परख करने के रहे हैं। उदाहरण के लिए मैं अपने समय और योग्यताओं का इस्तेमाल सबसे बढ़िया कर सकता हूं।

पौलुस ने यह भी प्रार्थना की कि फिलिप्पी लोग मसीही स्वभाव में बढ़ें: ''कि तुम ... मसीह के दिन तक सच्चे बने रहो, और ठोकर न खाओ।'' ''सच्चे'' के लिए अंग्रेज़ी शब्द ''*sincere*'' लातीनी भाषा के दो शब्दों *sin*, जिसका अर्थ ''बिना'' और *cere* जिसका अर्थ ''मोम'' है, से लिया गया है।

> लातीनी संगमरमर बेचने वालों और कुछ और चीनी मिट्टी के कुछ व्यापारियों को आपस में इस प्रकार के मोम से दरारों और दागों को भरकर कमियां छिपाने की आदत हो जाए; परन्तु अधिक प्रतिष्ठित व्यापारी अपने बर्तनों का विज्ञापन *sincere* (बिना मोम के) के रूप में करते थे; और इसी से अंग्रेज़ी शब्द ''sincere'' शब्द को अर्थ मिला। ... इसका अर्थ ''बिना छल'' या ''बिना कपट'' है।[26]

मूल धर्मशास्त्र में मिश्रित शब्द है जिसका मूल अर्थ ''धूप की चमक ने निर्णय कर दिया।''[27] एक बार मुझे लगा कि मेरे काले सूट में कोई धागा निकला नहीं है, जब तक मैंने इसे सूर्य की रोशनी में नहीं देखा। सूर्य की रोशनी हर कमी और खोट को दिखाने का माध्यम है। किसी चीज़ को ''सूर्य के प्रकाश में परखना'' सही होता है और इस पर भरोसा किया जा सकता है। इस कारण अंग्रेज़ी और यूनानी शब्दों में इसका एक ही मूल अर्थ है: ''बिना कपट।''

''Sincere'' शब्द के लिए पौलुस ने ''ठोकर न खाओ'' शब्द जोड़ दिया। ''ठोकर न खाओ'' शब्द का अर्थ ''सिद्ध'' नहीं होता क्योंकि यदि होता तो हम में से कोई योग्य नहीं हो सकता (रोमियों 3:23)। न ही इसका अर्थ यह है कि हम दूसरों द्वारा कभी ''दोषी'' नहीं होंगे;

यहां तक कि यीशु और प्रेरितों पर भी गलत करने के आरोप लगे थे (देखें मत्ती 27:12; प्रेरितों 24:2; 3 यूहन्ना 10); यह जीवन के किसी ऐसे ढंग में जीने के लिए नहीं है जिसमें दूसरे लोग देख सकें कि हम सही काम करने की कोशिश कर रहे हैं। यूनानी शब्द का अंग्रेज़ी अनुवाद ''निर्दोष'' (*aproskopos*) ''ठोकर'' के साथ नकारात्मक पूर्वसर्ग के लिए शब्द है;[28] इसका मूल अर्थ ''बिना ठोकर के'' है। अपनी पूरी कोशिश से हमें ''बिना ठोकर खाए'' भक्तिपूर्ण जीवन बिताना है (देखें 2 पतरस 1:10)। इसके अलावा हमें दूसरों की आवश्यकताओं और अधिकारों के प्रति संवेदनशील होना और इस प्रकार जीने की कोशिश करना भी है कि हम उन्हें ''ठोकर'' न दिलाएं (देखें 1 कुरिन्थियों 8:13; 1 यूहन्ना 2:10)। ''सच्चे'' और ''ठोकर न खाओ'' शब्द एक-दूसरे के पूरक हैं। पहले का सम्बन्ध स्वभाव से है जबकि दूसरे का प्रतिष्ठा से। दोनों ही आवश्यक हैं।

फिलिप्पी में अपने भाइयों और बहनों के लिए पौलुस की प्रार्थना की सूची में सबसे अन्तिम बात ''धार्मिकता के फल से भरपूर होने, जो यीशु मसीह के द्वारा होता है'' अर्थात *फलदायक जीवन जीने में* बढ़ने की थी। ''फल'' शब्द नये नियम में कई तरह से इस्तेमाल तो हुआ है पर यहां इसका अर्थ प्रभु के निकट रहने के व्यावहारिक परिणाम यानी मसीह समान गुण हैं, जिन्हें दूसरे लोग भी देख सकते हैं। ''आत्मा का फल प्रेम, आनन्द, मेल, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम है'' (गलातियों 5:22, 23)। पौलुस ने प्रार्थना की कि उसके पाठक ऐसे ''फल'' से ''भर'' जाएं। फल से लदे भारी पेड़ का रूपक ध्यान में आता है। यीशु ने अपने चेलों को बताया, ''मेरे पिता की महिमा इसी से होती है, कि तुम *बहुत सा* फल लाओ, तब ही तुम मेरे चेले ठहरोगे'' (यूहन्ना 15:8)।

हम ''धार्मिकता के फल से भरपूर'' कैसे हो सकते हैं? यह फल ''यीशु मसीह के द्वारा होता है।'' सांसारिक फल उगाने की तरह इसमें भी व्यक्तिगत प्रयास लगता है; परन्तु शारीरिक और आत्मिक दोनों फल अन्त में प्रभु ही देता है। एक लेखक ने ध्यान दिलाया कि फल देने वाला पेड़ या दाख अकड़ते नहीं हैं। जब हमें समझ आ जाती है कि हमारे जीवनों में ''फल'' का देने वाला तो *प्रभु ही* है, तो इससे हमारा घमण्ड और अपनी शेखी मारना खत्म हो जाना चाहिए। यीशु ने कहा कि ''जो मुझ में बना रहता है और मैं उस में, वह बहुत फल फलता है, क्योंकि मुझ से अलग होकर तुम कुछ भी नहीं कर सकते'' (15:5)।

हमें इस ''फल'' से ''भरे'' होने की क्या आवश्यकता है? इससे भरपूर होने का कारण ''परमेश्वर की महिमा और स्तुति के लिए'' है। हम जो कुछ भी कहते या करते हैं वह प्रभु के सम्मान के लिए होना चाहिए। ऐसे जीओ ''कि वे तुम्हारे भले कामों को देखकर, तुम्हारे पिता की, जो स्वर्ग में है, बड़ाई करें'' (मत्ती 5:16)। ऐसा करने में हम भी आशीषित होंगे, क्योंकि जिस बात से परमेश्वर को महिमा मिलती है उससे मनुष्य की भी प्रतिष्ठा बढ़ती है।

अब

10 से 13 आयतों से व्यक्तिगत प्रासंगिकता बनाना कठिन नहीं है। भरोसे के साथ भविष्य का सामना करने के लिए हमारा जीवन प्रतिदिन प्रभु की नज़दीकी में और हर बात में से महिमा देते हुए बीतना चाहिए।[29] परन्तु मैं इस अन्तिम भाग की मुख्य बात पर बल देना चाहता हूं कि

पौलुस ज़ंजीरों में भी खुश था क्योंकि उसने भविष्य को परमेश्वर के प्रति प्रार्थना के साथ देखा। उसने यह जानते हुए कि जब मसीह वापस आएगा (आयतें 6, 10), और सब कुछ ठीक कर देगा, परमेश्वर में अपना भरोसा रखा। पौलुस ने सीख लिया था कि "हम अपना भरोसा न रखें, वरन परमेश्वर का जो मरे हुओं को जिलाता है" (2 कुरिन्थियों 1:9)। उसने तीमुथियुस को बताया कि "हमारी आशा उस जीवते परमेश्वर पर है" (1 तीमुथियुस 4:10)। "ज़ंजीरों में" रहने वालों को मैं अपने ऊपर से ध्यान हटाकर प्रभु पर ध्यान लगाने से बढ़िया सलाह नहीं दे सकता।

सारांश

हम कालांतर को संदेह या धन्यवाद के साथ देख सकते हैं। हम वर्तमान को कायरता या भरोसे के साथ देख सकते हैं। हम भविष्य को आशंका या प्रार्थना के साथ देख सकते हैं। हम अपनी ही सामर्थ पर निर्भर रह सकते हैं या परमेश्वर और यीशु पर भरोसा रखना सीख सकते हैं। विकल्पों का पहला भाग निश्चित रूप से दुखी रहने का फॉर्मूला है। दूसरा तो खुश रहने का परमेश्वर का फॉर्मूला है चाहे हम "ज़ंजीरों में हों" या "कैद में।"

टिप्पणियां

[1]ये उदाहरण सामान्य हैं। उन्हें अपने सुनने वालों पर प्रासंगिक बनाने के लिए बदल लें। [2]फिलिप्पियों 1:3–11 पुस्तक में "धन्यवाद के भाग" का आरम्भ है। इस पद्य का आरम्भ धन्यवाद के साथ होता है, परन्तु इस भाग में जैसा कि हम देखेंगे, और भी शामिल है। [3]आप दूसरों के लिए प्रार्थना के महत्व और उन्हें बताने के लिए कि आप उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं टिप्पणी जोड़ सकते हैं। [4]"जब पौलुस ने घर को लिखा" पाठ बल देता है कि फिलिप्पी की कलीसिया समस्याओं से *सराबोर* नहीं थी पर इसमें समस्याएं तो थीं। हर मण्डली में लोग होते हैं, और लोग सिद्ध नहीं होते (रोमियों 3:23), इस कारण कोई मण्डली सिद्ध नहीं है। [5]आप ज़ोर दे सकते हैं कि पौलुस की सहायता करना आरम्भ करने के बाद उन्होंने उसकी सहायता करना छोड़ा नहीं। कई बार हम अच्छा काम आरम्भ कर देते हैं पर उसके पूरा होने से पहले ही उसे छोड़ देते हैं (देखें प्रकाशितवाक्य 3:2)। [6]*दि एनेलेटिकल ग्रीक लैक्सिकन* (लंदन: सेमुएल बैग्स्टर एंड सन्स, लिमिटेड, 1971), 235. [7]वही। [8]फ्रैंक मिनिर्थ एंड पॉल डी. मियर, *हैप्पीनेस इज़ ए चॉयस* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1978). [9]*दि बेस्ट लव्ड पोयम्स ऑफ़ अमेरिकन पीपल,* संक. हेज़ल फ़लेमैन (गार्डन सिटी, न्यू यॉर्क: गार्डन सिटी बुक्स, 1967), 364 में एला व्हीलर विल्कोक्स, "दि विंड्स ऑफ फेट।" [10]वारेन डब्ल्यू. वियर्सबे, *दि बाइबल एक्सपोज़िशन कमैंट्री,* अंक 2 (व्हीटन, इलिनोइस: विक्टर बुक्स, 1989), 66.

[11]*एनेलिटिकल ग्रीक लैक्सिकन,* 373. [12]आज भी, जहां मैं रहता हूं, जब हम भावनात्मक रूप में परेशान होते हैं, तो वहां हम "पेट में तितलियां उड़ना" या "पेट के गड्ढे में बुरी भावना" की बात करते हैं। यदि जहां आप रहते हैं वहां ऐसे वाक्यांश आम पाए जाते हैं तो आप उनका इस्तेमाल उदाहरणों के रूप में कर सकते हैं। [13]हमारे यहां के जवान एक गीत गाते हैं जिसके बोल हैं "मैं तुम से प्रभु के प्रेम से प्रेम करता हूं।" यदि आपके सुनने वाले इस गीत से परिचित हों, तो आप इसे बता सकते हैं या इसे गवा सकते हैं। [14]*एनेलिटिकल ग्रीक लैक्सिकन,* 162. [15]यदि आपके सुनने वाले *मेरी पोपिंस* मूवी से परिचित हैं तो आप जोड़ सकते हैं, "मेरी पोपिंस के विपरीत हम 'हर प्रकार से व्यावहारिक रूप में सिद्ध' नहीं हैं।" [16]"अपोलोजेटिक्स" परमेश्वर, मसीह और बाइबल में विश्वास होने की तार्किकता के विशेष बल के साथ मसीहियत की सफ़ाई देने को समर्पित धार्मिक विचार के भाग के लिए इस्तेमाल होता है। [17]*एनेलिटिकल ग्रीक लैक्सिकन,* 45. [18]मुझे "वह अभी भी मुझ पर काम कर रहा है," नामक गीत पसन्द हैं। यदि आपके सुनने वाले उस गीत से परिचित हैं तो आप उदाहरण के रूप में इसके बोल इस्तेमाल

कर सकते हैं।[19]यह उदाहरण चार्ल्स आर. स्विन्डल, *लॉफ़ अगेन* (द डलास: वर्ड पब्लिशिंग, 1992), 40–41 से लिया गया था।[20]वही, 41.

[21]एक साथी प्रचारक जॉर्ज बेली कहता है, ''आप भविष्य को आशावादी ढंग से'' या ''निराशाजनक ढंग से देख सकते हैं।'' [22]यहां ''प्रार्थना'' के लिए इस्तेमाल यूनानी शब्द ''प्रार्थना के लिए सामान्य शब्द है, जिसमें प्रार्थना की सभी बातें समा जाती हैं (जैसे धन्यवाद और स्तुति)।'' [23]आप चाहें तो ऐसी घटना का उदाहरण, विशेषतया जिससे आपके सुनने वाले परिचित हों, जोड़ सकते हैं।[24]डब्ल्यू. ई. वाइन, *दि एक्सपेंडिड वाइन'स एक्सपोज़िटरी डिक्शनरी ऑफ न्यू टैस्टामेंट वड्‌र्स,* संपा. जेम्स ए. सवेन्सन के साथ जॉन. आर. कोहलेन्बर्गर त्रितीय (मिनियापोलिस: बेथनी हाउस पब्लिशर्स, 1984), 629. [25]*एनेलिटिकल ग्रीक लैक्सिकन,* 9. [26]जेम्स बर्टन कॉफ़मैन, *कमैंट्री ऑन गलेशियंस, इफिशियंस, फिलिपियंस, कोलोशियंस* (आस्टिन, टैक्सस: फर्म फाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1977), 265. [27]*एनेलिटिकल ग्रीक लैक्सिकन,* 118. [28]वही, 49. [29]आप इन सभी बातों की समीक्षा कर सकते हैं जिनके लिए पौलुस ने फिलिप्पियों के सम्बन्ध में प्रार्थना की।